# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्र./स्था./2016/ रायपुर, दिनांक ..................

## विज्ञापन

संचालक आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छ.ग. के पत्र कमांक/1/स्था./अराज/2016/1278 दिनांक 29 मार्च 2016 द्वारा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर छ.ग. के सीधी भर्ती के चतुर्थ श्रेणी के नीचे उल्लेखित पद को भरने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त के परिपालन में निम्नलिखित रिक्त पद की पूर्ति हेतु योग्य उम्मीदवारो से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :–

| क. | पद का नाम | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | | अनुसूचित जाति | | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | | |
| | | महिला | भू.पू. सैनिक | निःशक्तजन | मुक्त | योग | महिला | भू.पू. सैनिक | निःशक्तजन | मुक्त | योग | महिला | भू.पू. सैनिक | निःशक्तजन | मुक्त | योग | महिला | भू.पू. सैनिक | निःशक्तजन | मुक्त | योग | |
| 1 | स्वच्छक | — | — | — | — | — | — | — | — | 01 | 01 | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 01 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | कुल योग | 01 |

उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अनिवार्य अर्हताएं निम्नानुसार है :–

| स. क. | पद का नाम | वेतनमान | अनिवार्य अर्हताएं |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छक | बैंड वेतन रू. 4750 – 7440 ग्रेड वेतन रू. 1300/– | आठवीं उत्तीर्ण |

1. आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए।
2. आयु सीमा
   (1) आयु दिनांक 01 जनवरी 2016 न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र कमांक एफ–3–2/2002/1–3, दिनांक 27.09.2013 एवं समसंख्यक पत्र दिनांक 22.12.2013 के अनुसार आगामी भर्ती जो कैलेण्डर वर्ष 2016 की समाप्ति के पूर्व की जावेगी, में, केवल एक बार के लिए छ.ग. के स्थानीय निवासियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में 05 वर्ष की छूट प्रदान की गई है। फलस्वरूप अधिकतम आयु 40 वर्ष की जाती है।

   (2) अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला/शासकीय उम्मीदवारों तथा अन्य वर्गो के उम्मीदवार जिन्हे उच्चतम आयु सीमा में छूट की पात्रता होगी, उन्हें नियमानुसार आयु सीमा में छूट प्रदान की जावेगी।

   (3) किसी भी उम्मीदवार को किसी भी आधार पर या एक से अधिक आधार पर छूट का लाभ दिये जाने के उपरान्त भी अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

03.6.16

(4) जन्म तिथि के सत्यापन हेतु प्राथमिक/माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अवश्य संलग्न किया जावे।

3. चयन प्रकिया

चयन मेरिट के आधार पर किया जावेगा।

4. आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि – समस्त आवश्यक सहपत्रों सहित पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र, कार्यालय प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर छ.ग., शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर, जी.ई. रोड, रायपुर पिन न. 492010 के कार्यालय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 24.06.2016 को कार्यालयीन समय तक अथवा उसके पूर्व आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए, आवेदक कृपया ध्यान देवे कि डाक अथवा किन्ही कारण से होने वाले विलंब के लिए प्राचार्य कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

5. आवेदन करने हेतु आवश्यक निर्देश

(1) आवेदन पत्र विज्ञापन में दर्शाये गये प्रारूप के अनुसार A4 साइज में प्रस्तुत किया जावे। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से बिना कांट–छांट के साफ साफ अक्षरों में भरा जाना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 4"X8" का लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य है। शैक्षणिक/ तकनीकी अर्हता, मूल निवासी प्रमाण पत्र/ जाति प्रमाण पत्र/ भू.पू. सैनिक होने का प्रमाण पत्र एवं आवेदक से संबंधित अन्य सभी प्रमाण पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित प्रतियां भेजना आवश्यक है। अपूर्ण रूप से भरे गये या बिना सहपत्रों के आवेदन पत्र स्वमेव निरस्त होंगे।

(2) सभी प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र पर सक्षम अधिकारी द्वारा दिये हुए होने चाहिए।

(3) पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र "प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर छ.ग." जी. ई. रोड रायपुर पिन नं. 492010" के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा इस प्रकार भेजा जाना चाहिए कि वे निर्धारित तिथि/समय तक कार्यालय में आवश्यक रूप से प्राप्त हो जावे। अंतिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे एवं वे स्वतः ही निरस्त समझे जावेंगे। इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं होगा।

(4) लिफाफे के उपर जिस पद के लिए आवेदन किया जा रहा है उस पद का नाम तथा विज्ञप्ति का कमांक एवं दिनांक अनिवार्यतः लिखा जावे।

6. व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगे।

7. शासन द्वारा निर्धारित आयु अर्थात् महिलाओं के लिए 18 वर्ष एवं पुरूषों के लिए 21 वर्ष से कम आयु में विवाह करने वाले उम्मीदवार नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। ऐसे उम्मीदवार आवेदन न करें।

8. अभ्यर्थी जिनकी दो से अधिक सन्ताने है जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ है, नियुक्ति के लिए अपात्र होगें।

03.06.16

9. विज्ञापित चतुर्थ श्रेणी के पद कार्य की दृष्टि से अंतरपरिवर्तनीय होगें।
10. चयनित आवेदकों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा पर की जावेगी।
11. शासकीय सेवक अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से प्रेषित करें, सीधे प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
12. इस विज्ञापन के जारी होने के पूर्व प्रस्तुत आवेदन मान्य नहीं किये जावेगे।
13. नियुक्ति हेतु सिफारिश करने वाले, किसी भी प्रकार दबाव डलवाने वाले आवेदक का आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा।

03.6.16

प्राचार्य,
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय,
रायपुर छ.ग.